# ब्रिटिश सांसद डेबी को हिरासत में लेकर कर दिया गया डिपोर्ट

**भारत विरोधी**

## भारत विरोधी पाक और पीओके मूल के सांसदों के ग्रुप की अगुआई करती हैं डेबी

कश्मीर पर अहल पार्टी पार्ल्यामेंट्री ग्रुप की चेयरमैन हैं जिसमें ज्यादातर पाकिस्तानी, पीओके मूल के लोग हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। भारत से पिछले दिनों लौटाई गईं ब्रिटिश सांसद डेबी अब्राहम्स का कश्मीर पर पाकिस्तान और भारत विरोधियों से पुराना कनेक्शन रहा है। डेबी कश्मीर पर एक ब्रिटिश पार्ल्यामेंट्री ग्रुप का संचालन करती हैं जिसके ज्यादातर सदस्य पाकिस्तान या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) मूल के हैं और ये सभी भारत विरोधी हैं। ऑल पार्टी पार्ल्यामेंट्री कश्मीर ग्रुप कश्मीर को लेकर भारत की लगातार आलोचना करता रहा है। बता दें कि भारत सरकार ने लेबर पार्टी की सांसद डेबी अब्राहम्स का ई-वीजा कैंसल करते हुए उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट से दुबई डिपोर्ट कर दिया था।

**कश्मीर पर बने ग्रुप की चेयरमैन हैं डेबी:** यह ग्रुप बातचीत के जरिए कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के



अधिकार को समर्थन देने और कश्मीर में मानवाधिकार हनन की घटनाओं को उजागर करने के साथ-साथ लोगों को न्याय दिलाने की मुहिम छेड़ने का दावा करता है। बड़ी बात है कि इस ग्रुप का एक भी सदस्य भारतीय मूल का नहीं है। डेबी अब्राहम्स इस ग्रुप की चेयरमैन हैं और यूके की संसद में ओल्डम ईस्ट ऐंड सैडलवर्थ संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं जहां पाकिस्तानी मीरपुरी समुदाय के लोगों की बड़ी तादाद है।

**पाकिस्तानी, पीओके मूल के लोगों से भरा पड़ा है ग्रुप:** नवंबर 2019 में ग्रुप मेंबरशिप रजिस्टर को अपडेट किया गया था जिसके मुताबिक इस ग्रुप के सीनियर वाइस-चेयर लेबर सांसद इमरान हुसैन हैं। ब्रैडफोर्ड से सांसद इमरान पाकिस्तान मूल के हैं जो सालों से भारत के खिलाफ आग उगल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल सितंबर महीने में पीओके और नियंत्रण रेखा (एलओसी) का दौरा किया था और पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को ब्रीफ करने का दावा किया था। उन्होंने ब्रिटेन के एक स्थानीय अखबार से कहा था कि कश्मीर में जो हो रहा है, वह एक वॉर क्राइम है।

**पीओके के मीरपुर में जन्मे लॉर्ड**

नजीर अहमद इस पार्ल्यामेंट्री ग्रुप के ऑनरेरी प्रेजिडेंट हैं। ये 15 अगस्त, 2019 को लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के सामने हुए ब्रिटिश पाकिस्तानियों के विरोध प्रदर्शन के मुख्य वक्ताओं में शामिल थे। भारत के स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित भारत विरोधियों का यह प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसमें उच्चायोग की बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा था।

एपीपीकेजी के ऑनरेरी वाइस-प्रेजिडेंट अफजल खान भी पाकिस्तान में पैदा हुए हैं। वो मैनचस्टर गॉर्टन से लेबर पार्टी के सांसद चुने गए हैं। अफजल खान ने 5 अगस्त, 2019 को पत्र लिखकर यूके के प्रधानमंत्री बॉरिस जॉनसन से मांग की थी कि वो भारत सरकार की कार्रवाइयों और कश्मीर के अधिग्रहण के लिए आर्टिकल 370 को अवैध एवं असंवैधानिक तरीके से निष्प्रभावी बनाने के फैसले की कड़ी आलोचना करें।

## न्यूज डायरी




### जर्मनी के हुक्काबारों में मास शूटिंग, 9 लोगों की मौत, कई घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हनाऊ। जर्मनी के हुक्का बारों के निशाना बनाते हुए की गई गोलीबारी की घटना में 9 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा इस घटना में कई लोग जख्मी भी हुए हैं। गोलीबारी की घटना हनाई शहर के दो हुक्का बारों में हुई जिसके बाद रातभर हमलावरों की तलाश की गई। आपको बता दें कि ये हमले फ्रैंकफर्ट से करीब 20 किलोमीटर दूर हनाऊ में हुए। हनाऊ हेस्से राज्य में स्थित है। हेस्से में पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर हनाऊ स्थित अपने घर में मिला। एक अन्य व्यक्ति का शव भी वहीं से बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक, पहला हमला रात करीब 10 बजे शहर के बीच स्थित श्मिडनाइटश बार में हुआ। पुलिस ने बताया कि हमलावर कार में सवार होकर घटनास्थल से भाग गए। इसके अलावा श्अरीना बारश में भी गोलीबारी हुई। दोनों जगहों पर हुई गोलीबारी में कम से कम 9 लोगों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं।

### यमन में हवाई हमलों में 31 लोगों की मौत, 19 बच्चे शामिलः संरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सना। यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तरी हिस्से में पिछले सप्ताह हवाई हमलों में 19 बच्चों सहित कुल 31 नागरिक मारे गए। संयुक्त राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को कहा,''यूनीसेफ को यह पुष्टि करते हुए दुख हो रहा है कि उत्तरी यमन के अल जौफ में 15 फरवरी को हुए हमले में 19 बच्चों की मौत हो गई 18 लोग घायल हो गए।'' यूनीसेफ के क्षेत्रीय संचार प्रमुख जे तोउमा ने कहा,''यह हमला असैन्य आबादी वाले क्षेत्र में हुआ जहां बच्चे भी थे।'' शनिवार का हवाई हमला ईरान से जुड़े विद्रोहियों द्वारा सरकार समर्थित सऊदी नीत गठबंधन के एक विमान को गिराने के दावे के एक दिन बाद हुआ है। यूनीसेफ ने सभी पक्षों से संघर्ष समाप्त करने की अपील की और कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में बढ़ रही हिंसा याद दिलाती है कि यमन में बच्चे हिंसा की सबसे बड़ी कीमत चुका रहे हैं।

### कैंसर से पीड़ित मरीज को 3डी प्रिंटिंग तकनीक से बने टाइटेनियम के जबड़े ने दिया जीवनदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंह के कैंसर से पीड़ित एक युवक को 3डी प्रिंटिंग तकनीक से बने टाइटेनियम के जबड़े की वैकल्पिक हड्डी ने जीवनदान दिया है। दिल्ली में बसंतकुंज स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल के डा. मंदीप सिंह मल्होत्रा ने एक साल की मेहनत के बाद 30 वर्षीय प्रभजोत सिंह के जबड़े की हड्डी (मेंडेबल) का सफल प्रत्यारोपण किया है। डा. मल्होत्रा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रभजोत सात साल बाद सामान्य तरीके से खानपान करने में सक्षम हुआ है। ओरल कैंसर विशेषज्ञ डा. मल्होत्रा का दावा है कि मुंह के कैंसर से पीड़ित किसी मरीज के जबड़े को 3डी प्रिंटिंग तकनीक से बदलने का यह देश में पहला मामला है। उन्होंने बताया कि यह 3डी प्रिंटिंग इंजीनियरिंग के साथ चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में सामंजस्य का भी अनूठा प्रयोग है जिसके तहत टाइटेनियम के मेंडबल का पूरी तरह से स्वदेशी आधार पर निर्माण किया गया है। ओरल कैंसर पीड़ित मरीज के जबड़े में मेंडेबल के लिये टाइटेनियम की वैकल्पिक हड्डी के सफल प्रयोग ने चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नये रास्ते खोले हैं।

### तोक्यो ओलंपिक के दौरान जापान यात्रा पर विचार कर रहे हैं ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लास एंजिलिस। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे से निमंत्रण पर तोक्यो ओलंपिक में जाने पर गौर कर रहे हैं। ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिकी ओलंपिक समिति और 2028 लास एंजिलिस खेलों के आयोजकों के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान कहा, ''मुझे प्रधानमंत्री आबे ने आमंत्रित किया था और हम उसके बारे में तय करेंगे। '' उन्होंने कहा, ''हम शायद जा सकते हैं। हम ऐसा करने की कोशिश करेंगे। '' तोक्यो ओलंपिक का आयोजन जुलाई और अगस्त में किया जायेगा।

## 7 साल की बच्ची ने दी मात,पस्त हुआ 2118 लोगों की जान लेने वाला कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। कोरोना वायरस के संक्रमण से पूरी दुनिया भयभीत है। इसके संक्रमण से अकेले चीन में 2100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं एक सात साल की बच्ची ने इस जानलेवा संक्रमण को मात देने में सफल हुई है। चीन में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए सात माह के बच्चे को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मीडिया में इस बात की जानकारी दी। दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगक्विंग नगर पालिका में कोरोनो वायरस से संक्रमित बच्चे का यहां के अस्पताल में इलाज चल रहा था, पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद बुधवार को उसे छुट्टी दे दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, चोंगक्विंग में सबसे कम उम्र के मरीज का यह पहला मामला था, बच्चे में कोरोनावायरस से संक्रमण की पुष्टि 3 फरवरी को हुई थी।

चोंगक्विंग हेल्थ कमीशन के डेप्टी पार्टी सचिव शिआ पेई ने कहा, 'अस्पताल ने बच्चे के उपचार के लिए विशेष चिकित्सक टीम का गठन किया था। इलाज में सबकुछ ठीक रहा और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद बुधवार सुबह बच्चे को छुट्टी दे दी गई।' मीडिया के अनुसार, चोंगक्विंग में मंगलवार तक कोरोनावायरस से संक्रमण के कुल 296 मामलों की पुष्टि हुई थी।



हिजाब विरोधी कार्यकर्ता वोटिंग का कर रहीं बहिष्कार


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिनेवा। हिजाब विरोधी कार्यकर्ता शापारक शाजारीजादेह ने इस्लामिक गणतंत्र में शुक्रवार को संसदीय चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया। एक समय माना जाता था कि कि शाजारीजादेह में परिवर्तन लाने का सामर्थ्य है, लेकिन उन्होंने हाल में जो आह्वान किया है उससे उनकी निराशा झलकती है। महिला अधिकारों के लिए प्रदर्शन करने के दौरान शाजारीजादेह ने सार्वजनिक तौर पर कई बार हिजाब हटाया और उसे परचम बनाकर लहराया, जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

## बच्चों के स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के मामले में भारत 131वें स्थान पर: संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संवहनीयता सूचकांक के मामले में भारत 77वें स्थान पर है और बच्चों की उत्तर जीविता (सर्वाइवल), पालन-पोषण तथा खुशहाली से संबंधित सूचकांक में उसका स्थान 131वां है। संवहनीयता सूचकांक प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन से जुड़ा है जबकि हैपीनेस इंडेक्स का संबंध किसी भी राष्ट्र में मां-बच्चे की उत्तर जीविता, पलने, बढ़ने तथा उसके कल्याण से है।

दुनियाभर के 40 से अधिक बाल एवं किशोर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के एक आयोग ने बुधवार को



रिपोर्ट जारी की है। यह शोध डब्ल्यूएचओ, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) तथा दी लैंसेंट मेडिकल जर्नल के संयुक्त तत्वाधान में हुआ है। रिपोर्ट में 180 देशों की क्षमता का आकलन किया गया है कि वे यह सुनिश्चित कर पाते हैं या नहीं कि उनके यहां के बच्चे पलें-बढ़ें और खुशहाल रहें। रिपोर्ट के मुताबिक संवहनीयता सूचकांक के मामले में भारत का स्थान 77वां और खुशहाली के मामले में 131वां है। खुशहाली सूचकांक में आता है माता एवं पांच साल से कम आयु के बच्चों की उत्तर जीविता, आत्महत्या दर, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुविधा, बुनियादी साफ-सफाई और भीषण गरीबी से मुक्ति तथा बच्चे का फलना-फूलना आदि।

इसमें कहा गया कि विश्व की संवहनीयता बच्चों के फलने-फूलने की क्षमता पर निर्भर करती है लेकिन कोई भी देश अपने नौनिहालों को टिकाऊ भविष्य देने के पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा है। रिपोर्ट के अग्रणी शोधकर्ताओं में से एक यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में विश्व स्वास्थ्य एवं संवहनीयता के प्रोफेसर एंथनी कोटेलो ने कहा, श्दुनिया का कोई भी देश ऐसी परिस्थितियां मुहैया नहीं करवा रहा है जो हर बच्चे के विकसित होने और स्वस्थ्य भविष्य के लिए आवश्यक है।

## बम के धमाके सुनकर क्यों हंसती है यह 4 साल बच्ची?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सरमादा। सीरिया में हालत बिगड़ते जा रहे हैं। लगातार हवाई हमले के चलते यहां खौफ का माहौल बना हुआ है। इन सबसे चार साल की बच्ची को बचाए रखने के लिए इदलिब शहर के एक पिता खास तरकीब अपना रहे हैं। इस वक्त सीरिया में सरकार समर्थक सेना और विद्रोहियों के बीच लगातार एक दूसरे पर बमबारी की जा रही है। बम की आवाज से बच्ची के मासूम मन पर कोई गलत असर ना पड़े इसके लिए पिता ने घर के लोगों से कहा है कि ऐसी कोई आवाज आने पर सभी लोग हंसे। घरवालों के ऐसा करने पर वह बच्ची सलवा डरने के बजाय हंसती है। बच्ची के पिता अब्दुल्ला अल-मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने बच्ची से कहा है कि यह लॉफ्टर गेम है।

बच्ची और पिता का यह विडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। न्यूज एजेंसी रायटर की ओर से जारी इस विडियो में दिख रहा है कि जब बम धमाके की आवाज आती है तो बच्ची और उसके पिता जोर-जोर से खिलखिलाकर हंस रहे हैं। पिता बच्ची से पूछता है मजा आ रहा है ना।